# डॉन समाचार पत्र के सीईओ हमीद हारून पर रेप के गंभीर आरोप

**सफाई**

सीईओ ने कहा कि आरोप लगानेवाले के खिलाफ वह कानूनी कार्रवाई भी करेंगे

## जमशेद महमूद रजा चर्चित पाक फिल्ममेकर ने लगाया रेप का आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के मशहूर फिल्ममेकर जमशेद महमूद रजा ने डॉन अखबार के एक्जिक्यूटिव ऑफिसर पर रेप करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। रजा ने दावा किया है कि 13 साल पहले उनका यौन शोषण डॉन मीडिया समूह के सीईओ हमीद हारून ने किया था।

सिलसिलेवार कई ट्वीट कर उन्होंने खुद को पीड़ित बताया और कहा कि अखबार के खिलाफ उनकी मुहिम नहीं है। फिल्ममेकर ने कहा कि उनकी मुहिम पीड़ितों के साथ खड़े होने के लिए है।

**सिलसिलेवार ढंग से किए कई ट्वीट**

रजा ने सिलसिलेवार ढंग से कई ट्वीट कर डॉन के सीईओ पर गंभीर आरोप लगा। हमीद हारून पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए उन्होंने ट्वीट किया, मैं तो इसके लिए तैयार हूं। क्या डॉन.कॉम आप इसे प्रकाशित करने के लिए तैयार हैं। इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए हारून ने कहा कि मुझे और मेरे अखबार को बंद करने के लिए यह सब किया जा रहा है। उन्होंने फिल्ममेकर के आरोपों को सिरे से नकार दिया।




**हारून ने कहा, सारे आरोप झूठे हैं**

आरोपों पर पलटवार करते हुए डॉन के सीईओ ने कहा कि यह सब उन्हें बदनाम करने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने ट्वीट किया, श्यह कहानी पूरी तरह से झूठी और इरादतन मेरे खिलाफ दुष्प्रचार के लिए फैलाई जा रही है।

यह उन लोगों की कोशिश है जो मुझे चुप कराना चाहते हैं, मेरे जरिए वह उस समाचार पत्र को भी चुप कराने की कोशिश कर रहे हैं जिसका मैं प्रतिनिधित्व करता हूं।

**कानूनी कार्रवाई करेंगे डहन के सीईओ**

डॉन समाचार पत्र के सीईओ ने कहा कि ऐसा आरोप लगानेवाले पर वह कानूनी कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा, श्मेरी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश और प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए मैं कानूनी कदम उठाने जा रहा हूं। जो लोग भी गलत नीयत के साथ ऐसा कर रहे हैं और मेरे खिलाफ आरोप लगा रहे हैं, उन्हें इसका जवाब देना होगा।

## न्यूज डायरी



1995 की तस्वीर में शराब पीते नजर आ रहे येलित्सन

### पूर्व रूसी राष्ट्रपति येल्तसिन के निधन की आशंका से चिंतित रहता था ब्रिटेन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। ब्रिटेन 1995 में रूसी राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन को अक्सर पड़ने वाले दिल के दौरों और शराब पीने की उनकी लत से इतना चिंतित था कि पद पर रहते हुए उनका निधन हो जाने की आशंका के चलते आकस्मिक योजनाएं पहले ही तैयार कर ली जाती थीं। सार्वजनिक हुईं फाइलों से मंगलवार को यह खुलासा हुआ। ब्रिटेन के नेशनल आर्काइव्स से जारी दस्तावेजों के मुताबिक येल्तसिन को दूसरी बार दिल का दौरा पड़ने के बाद विदेश मंत्रालय ने उनकी सेहत को लेकर डर के चलते शोक संबंधी बयान तैयार करने शुरू कर दिए थे। येल्तसिन ने 23 अक्टूबर, 1995 को न्यू यॉर्क के हाइडे पार्क में अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन के साथ शिखर वार्ता की थी। खराब स्वास्थ्य के बावजूद येल्तसिन 1999 में दिसंबर तक सत्ता में रहे। उनका निधन 2007 में 76 साल की उम्र में हुआ।

### चीन में निर्माणाधीन सुरंग ढही, 4 की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ताईयून। चीन के उत्तर में स्थित शांक्सी प्रांत में एक निर्माणाधीन सुरंग के ढहने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। घटना में दो अन्य लोग मंगलवार सुबह तक उसमें फंसे हुए थे। स्थानीय प्रशासन ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जिनचेंग शहर में राजमार्ग पर सोमवार शाम चार बजे दुर्घटना घटी जिसमें वहां काम कर रहे छह लोग फंस गए। उनमें से एक व्यक्ति को सुरक्षित निकाल लिया गया और नजदीकी अस्पताल ले जाया गया लेकिन सोमवार को ही उसकी मौत हो गई, वहीं बचाव दल ने मंगलवार सुबह 7.50 बजे तक तीन शव और निकाले। सुरंग में लगभग 200 घन मीटर का अनुमानित मलबा है। तलाशी और बचाव अभियान जारी है।

### अब्दुल रहमान ने पॉर्न स्टार्स की तस्वीर शेयर कर बताया सीएए विरोध में शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का विरोध करने के चक्कर में पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री और सेनेटर अब्दुल रहमान मलिक सोमवार को एक पॉर्नस्टार की तस्वीर साझा कर सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गए। मलिक ने पॉर्न स्टार की तस्वीरें भारत में सीएए प्रदर्शन में शामिल लड़कियां बताकर शेयर की, लेकिन गलती का अहसास होने पर उन्होंने ट्वीट डिलीट कर दिया। अक्षय नाम के यूजर ने लिखा, श्सर, भारतीय क्षेत्रीय फिल्मों की प्रभावशाली अभिनेत्रियों ने हिजाब पहनकर नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए) का विरोध करनेवाले भारतीय मुसलमानों के साथ एकजुटता दिखाई है। उन्हें सलाम, मोदी जल्द ही देंगे इस्तीफा।' इसके जवाब में तस्वीरों को पोस्ट करते हुए संघीय जांच एजेंसी के अधिकारी रहे रहमान मलिक ने लिखा, 'मे गॉड ब्लेस हर (अल्लाह उस पर रहम करे)।'

### माली और संयुक्त राष्ट्र ने नागरिकों के लापता होने के मामले में जांच शुरू की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बमाको। युद्धग्रस्त पश्चिम अफ्रीकी देश माली में 20 से अधिक नागरिकों के कथित रूप से लापता होने के मामले में माली के अधिकारियों और संयुक्त राष्ट्र ने जांच शुरू की। सुरक्षा और सरकारी अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। घटना के संबंध में ज्यादा जानकारियां नहीं है, लेकिन सोशल मीडिया पर ऐसी अफवाहें फैली है कि लोगों का एक समूह मध्य माली के मालीमना गांव के पास सेना के नियंत्रण से निकलने के बाद लापता हो गया। माली की सेना ने रविवार रात एक बयान जारी करके पुष्टि की कि सैनिकों ने 19 दिसंबर को क्षेत्र में ''संदिग्धों'' को गिरफ्तार किया था। हालांकि, बयान में यह भी कहा गया कि पास के गांव दियोरा के मेयर के हस्तक्षेप करने पर उसने संदिग्धों को रिहा कर दिया। सेना ने कहा, ''तब से, गायब होने की अफवाह फैली है।'' इलाके के निवासियों का कहना है कि उन्होंने कुछ शव कुएं में पड़े हुए देखे हैं। डियोरा के एक निवासी अमादोउ बालोबो ने कहा, ''मैंने 24 शव देखे, जो कुएं से निकाले गए थे।''

## टेक्सस के बंदूक कानूनों ने ही बचाई चर्च हमले में कई लोगों की जान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

ह्यूस्टन। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि टेक्सस राज्य में बंदूक कानूनों ने ही चर्च हमले में कई लोगों की जान बचाई। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि चर्च के सुरक्षा अधिकारी ने उस बंदूकधारी को गोली मार दी जिसने प्रार्थना सभा के दौरान दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वाइट सेटलमेंट के फोर्ट वर्थ उपनगर के एक गिरजाघर में रविवार को हुई गोलीबारी अमेरिका में किसी धार्मिक स्थल पर हमले की ताजा घटना है। ट्रंप ने ट्वीट किया, 'सब कुछ छह सेकंडों में खत्म हो गया और इसके लिए उन बहादुर लोगों को शुक्रिया जिसने 242 श्रद्धालुओं की रक्षा करने के लिए जवाबी कार्रवाई की। इन नायकों ने लोगों की जिंदगियां बचाई और टेक्सास कानूनों ने उन्हें हथियार रखने की अनुमति दी।' गिरजाघर के एक सुरक्षा सदस्य जैक विल्सन ने पत्रकारों को बताया कि हमलावर के दो लोगों को गोली मारने के बाद उसने वेस्ट फ्रीवे चर्च ऑफ क्राइस्ट में जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई।

गोलीबारी के बीच संदिग्ध बंदूकधारी की पहचान 43 वर्षीय कीथ थॉमस किनुनेन के रूप में कर ली गई है। वह रीवन ओक्स का रहने वाला है तथा उसका अपराधों का लंबा रेकॉर्ड है। वह कई राज्यों में रह चुका है और कई बार तो बेघर भी रहा।



न्यू जीलैंड के ऑकलैंड में नए साल का जश्न

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यू जीलैंड। पूरी दुनिया में नए साल का जश्न मनाया जा रहा है। न्यू जीलैंड के ऑकलैंड में सबसे पहले न्यू ईयर का जश्न शुरू हुआ। यहां भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे नए साल का स्वागत किया गया। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में शाम 6.30 बजे नए साल का जश्न मनाया गया।

## सीडीएस के तौर पर जनरल रावत की नियुक्ति से भारत के साथ रक्षा सहयोग बढ़ेगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वॉशिंगटन। अमेरिका ने भारत के पहले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त होने पर जनरल बिपिन रावत को बधाई देते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ाने में मदद मिलेगी। जनरल रावत को सोमवार को भारत का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया। सीडीएस का काम सेना, नौसेना और वायुसेना के कामकाज में बेहतर तालमेल लाना और देश की सैन्य ताकत को और मजबूत करना होगा। नए सृजित इस पद पर उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब



एक दिन बाद वह सेना प्रमुख के तौर पर तीन साल के कार्यकाल से सेवानिवृत्त हो गए। दक्षिण और मध्य एशिया की कार्यवाहक सहायक विदेश मंत्री एलिस जी वेल्स ने सोमवार को ट्वीट कर जनरल बिपिन रावत को भारत का पहला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ नियुक्त होने पर बधाई दी। वेल्स ने कहा, 'इस पद से हमारी सेनाओं के बीच वृहद भारत–अमेरिका संयुक्त सहयोग बढ़ाने में मदद मिलेगी जैसा कि हाल ही में हुई टू प्लस टू वार्ता में चर्चा की गई थी।' दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पिछले डेढ़ दशक में तेजी से बढ़ा है। हालांकि, दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता निरंतर नहीं हो रही थी क्योंकि जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन के बराबर पद न होने से प्रोटोकॉल का अभाव था। अमेरिका में यह पद जनरल मार्क ए मिले के पास है। जनरल रावत के सीडीएस नियुक्त होने से भारत और अमेरिका के शीर्ष सैन्य नेतृत्व के बीच संवाद बढ़ने की उम्मीद है।

## ऑस्ट्रेलिया में जंगलों में लगी आग लोकप्रिय पर्यटक शहर तक पहुंची

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग समुद्र के किनारे बसे लोकप्रिय पर्यटक शहर मल्लकूटा तक पहुंच गई। छुट्टियां मनाने शहर आए हजारों लोग और स्थानीय निवासी आग के कारण फंस गए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि मल्लकूटा शहर में चार हजार लोग फंसे हुए हैं। बता दें कि अधिकारी कई दिनों से ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों की छुट्टियां मना रहे 30,000 पर्यटकों से इलाके को खाली करने की चेतावनी दे रहे हैं।

यह शहर उन सैकड़ों इलाकों में से एक है जो जंगलों में लगी आग की चपेट में है। विक्टोरिया आपात प्रबंधन आयुक्त एंड्रयू क्रिस्प ने कहा, 'हमारे पास मल्लकूटा में तीन दल है जो वहां समुद्र तट पर 4,000 लोगों की देखभाल करेंगे। हम उन समुदायों को लेकर बहुत चिंतित हैं जो अलग–थलग हो गए हैं। अगर जरूरत पड़ी तो लोगों को समुद्र या वायु मार्ग से बाहर निकाला जाएगा।' सोशल मीडिया पर स्थानीय निवासियों ने कहा कि वे जीवनरक्षक जैकेट पहन रहे हैं ताकि अगर आग से बचने की जरूरत पड़ी तो वह समुद्र में उतर सकें।